## न्यूज डायरी



### राफेल फाइटर जेट बनाम पाकिस्तानी एफ–16, कौन है बेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। करीब 4 साल के इंतजार के बाद पांच राफेल फाइटर जेट आज आसमान का सीना चीरते हुए भारत के अंबाला एयर बेस पहुंच गए। करीब 7000 किलोमीटर का सफर करते हुए पाकिस्तान के एयरस्पेस से सटकर गुजरात के रास्ते अंबाला एयर बेस पहुंचे इन राफेल फाइटर जेट ने पाकिस्तानी वायुसेना की बेचैनी बढ़ा दी है। राफेल के खौफ आलम यह है कि इन विमानों के आने से ठीक पहले पाकिस्तान के एयरफोर्स चीफ को आर्मी चीफ कमर जावेद बाजवा से आपात बैठक करनी पड़ी है। यही नहीं पाकिस्तानी एयरफोर्स को अब एक राफेल फाइटर जेट को रोकने कि लिए अपने दो एफ–16 लड़ाकू विमान लगाने पड़ेंगे। इंडियन एयरफोर्स के पूर्व चीफ एवाई टिपनिस का मानना है कि यदि एयरफोर्स के पास फरवरी में बालाकोट हमले के दौरान राफेल होता तो भारत पाकिस्तान के कम से कम 12 एफ–16 विमानों को मार गिराता।

### भारतीय मूल के विपक्षी नेता अपना वेतन कम आय वाले निवासियों से साझा करेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिंगापुर। सिंगापुर के पहले नामित नेता विपक्ष प्रीतम सिंह अपने भत्तों की आधी रकम अपने निर्वाचन क्षेत्र के गरीब लोगों की मदद के लिये आबंटित करेंगे। मीडिया में बुधवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। सिंगापुर के संसदीय इतिहास में पहली बार मंगलवार को 43 वर्षीय सिंह विपक्ष के नेता नामित किये गए। इससे पहले 10 जुलाई को हुए आम चुनावों में भारतीय मूल के राजनेता के नेतृत्व वाली वर्कर्स पार्टी ने रिकॉर्ड 10 सीटों पर जीत हासिल की थी। सिंह पार्टी के महासचिव हैं। संसदीय प्राधिकारियों ने घोषणा की कि उन्हें अतिरिक्त विशेषाधिकार प्राप्त होंगे और निर्वाचित सांसदों से दुगुना भत्ता मिलेगा। सिंह ने मंगलवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा था कि उन्होंने अपनी पत्नी लवलीन कौर वालिया से इस अतिरिक्त आवंटन और उसके निहितार्थ पर चर्चा की। विपक्ष के नेता के तौर पर उन्हें सालाना 3,85,000 सिंगापुरी डॉलर (2,80,014 अमेरिकी डॉलर) मिलेंगे।

### ईरान ने अभ्यास के दौरान बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान ईरान के अर्द्धसैन्य बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड ने होर्मुज जलसंधि के पास सैन्य अभ्यास के तहत बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने बुधवार को यह खबर दी । मिसाइल परीक्षण के बाद पास के इलाके में अमेरिका के दो सैन्य ठिकानों को अलर्ट कर दिया गया। अभ्यास के तहत मिसाइलें दागे जाने के मद्देनजर संयुक्त अरब अमीरात में अबू धाबी स्थित अल धाफ्रा एयर बेस और कतर में अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान अल–उदेइद एयर बेस को सतर्क कर दिया गया । अल धाफ्रा में फ्रांस निर्मित पांच राफेल लड़ाकू विमान कुछ समय के लिए रूके थे। राफेल के इन विमानों को भारतीय वायु सेना में शामिल किया जाना है। ईरान के सरकारी टीवी की खबर के मुताबिक इन मिसाइलों ने छद्म विमान वाहक पोत के सेतु को निशाना बनाया । मिसाइल दागे जाने या ड्रोन हमले का फुटेज जारी नहीं किया गया ।

### जापान के उत्तरी क्षेत्र में भारी बारिश के बाद बाढ़ के हालात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। जापान के उत्तरी क्षेत्रों में बुधवार को भारी बारिश हुई जिससे आवासीय क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। यहां भूस्खलन की चेतावनी जारी की गई। रातभर हुई बारिश के बाद यमगता में मोगामी नदी में आई बाढ़ से कई शहर जलमग्न हो गए। मुख्य सरकारी प्रवक्ता योशिशिदे सुगा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निकटवर्ती अकिता क्षेत्र में एक अन्य नदी में भी उफना गई। सुगा ने संवाददाताओं से कहा कि किसी की मौत होने की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों को खतरे वाले स्थानों से दूर चले जाने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि मिट्टी सरकने के कारण एक क्षेत्र में पांच सौ लोग फंस गए। टीवी फुटेज में बचाव एवं राहत कर्मियों को रबड़ की नाव चलाते और फंसे हुए लोगों खोजते देखा गया।

# खून में लिखे हुए हैं भारत और बांग्लादेश संबंध: मंत्री

**शिष्टाचार भेंट**

## बांग्लादेश ने भारत के साथ दोस्ती को बताया अटूट

दोनों देशों के बीच संबंध नए आयाम की ओर अग्रसर हैंः ओबैदुल क्वादर



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ढाका। बांग्लादेश के मंत्री ओबैदुल क्वादर ने कहा है कि बांग्लादेश और भारत के बीच संबंध 1971 के मुक्ति संग्राम के खून से सने इतिहास से जुड़े हैं और पड़ोसी देश परखे हुए मित्र हैं। सड़क परिवहन और पुल मंत्री क्वादर ने कहा कि यदि पड़ोसी देशों के साथ संबंध मैत्रीपूर्ण और मजबूत होंगे तो आपसी प्रगति करना और अनसुलझे द्विपक्षीय मुद्दों को हल करना आसान होगा।

बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त रीवा गांगुली दास के उनके सचिवालय कार्यालय में एक शिष्टाचार भेंट करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में ये बातें कहीं। मंत्री ने बांग्लादेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चरल डिवलपमेंट प्रॉजेक्ट्स को आगे बढ़ाने में उनके सहयोग के लिए उच्चायुक्त को धन्यवाद दिया। क्वादर ने आगे कहा, 'बांग्लादेश और भारत अब पहले की तुलना में अधिक मजबूत, मैत्रीपूर्ण और विकासोन्मुख संबंधों को बनाए हुए हैं।'

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध नए आयाम की ओर अग्रसर हैं। इससे पहले बांग्लादेश के एक अखबार ने दावा किया था कि पिछले चार महीने में प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारतीय उच्चायुक्त की कई दरख्वास्तों के बावजूद मुलाकात नहीं की है। भोरेर कागोज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2019 में शेख हसीना के दोबारा पीएम बनने के बाद सभी भारतीय प्रॉजेक्ट धीमे हो गए हैं जबकि ढाका चीन के इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट्स को ज्यादा तवज्जों दे रहा है।

अखबार के संपादक श्यामल दत्ता ने पाकिस्तान और चीन की ओर झुकते बांग्लादेश पर लिखे आर्टिकल में कहा, श्भारत की चिंता के बावजूद बांग्लादेश ने सिलहट में एयरपोर्ट टर्मिनल का ठेका चीनी कंपनी को दे दिया। भारतीय उच्चायुक्त रीवा गांगुली चार महीने से बांग्लादेश की पीएम से मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेने की कोशिश कर रही हैं लेकिन मिल नहीं सकती हैं। बांग्लादेश ने कोराना वायरस की महामारी से निपटने में मदद करने के लिए भारत को धन्यवाद भी नहीं बोला है। उधर, बांग्लादेश सरकार ने इस आरोप का पुरजोर खंडन किया है।

# पीएम केपी शर्मा ओली और प्रचंड में बढ़ी दरार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। नेपाल की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के बीच दरार अपने चरम पर पहुंचती दिख रही है। मंगलवार को प्रचंड ने ओली के आधिकारिक आवास पर उनकी अनुपस्थिति में पार्टी की शक्तिशाली स्थायी समिति की एकतरफा बैठक बुलाई जिसके बाद देश में राजनीतिक संकट और ज्यादा गहरा गया है। इस बैठक में प्रचंड समर्थक स्थायी समिति के कुल 45 में से 31 सदस्यों ने हिस्सा लिया।

ओली ने स्थायी समिति की बैठक को एकतरफा फैसला लेते हुए रद्द कर दिया। पीएम

**कम्युनिस्ट पार्टी में टूट या होंगे मध्यावधि चुनाव ?**

के इस कदम से भड़के प्रचंड गुट ने इसे पार्टी के संविधान के खिलाफ कदम करार दिया है। ओली और प्रचंड के नेतृव वाले असंतुष्ट गुट के बीच मतभेदों को सुलझाने के लिए एनसीपी की 45 सदस्यीय स्थायी समिति की अहम बैठक पूर्वाह्न 11 बजे होने वाली थी।

इस बैठक को अचानक से नौंवी बार स्थगित कर दिया गया। बैठक स्थगित होने की सूचना देते हुए स्थायी समिति के सदस्य गणेश शाह ने कहा था कि ओली और प्रचंड को आपसी मतभेद सुलझाने के लिए और समय चाहिए।



फाइल फोटोः अपने दिवंगत बेटे के साथ कृष्ण कुमार

## बेटे को खोने वाले भारतीय ने दुबई में फंसे 61 लोगों को भेजा घर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। दुबई में एक हादसे में अपने बेटे को खोने वाले भारतीय मूल के व्यवसायी टीएन कृष्ण कुमार ने 61 भारतीयों को घर लौटने में मदद की। उन्होंने यूएई में फंसे 61 भारतीयों के टिकट का पूरा खर्च उठाया। कृष्ण कुमार के 19 साल के बेटे रोहित और पड़ोसी शरत (21) स्कूल खत्म होने के बाद छुट्टियां मनाने गए थे और इसी दौरान हुए एक हादसे में दोनों की मौत हो गई। अपने बेटे का अंतिम संस्कार करके केरल से लौटने के बाद कृष्ण कुमार ने अपना समय सामाजिक सेवा में बिताना शुरू कर दिया। कृष्ण कुमार लंबे समय से सामाजिक सेवा में लगे रहे हैं। बेटे जाने के दुख से जहां उनकी पत्नी अभी तक उबर नहीं पाई हैं, वहीं कृष्ण कुमार सामाजिक सेवा में अपने आपको व्यस्त रखकर रोहित के जाने के दुख को भुलाने में लगे हैं।

# चीन के उइगर मुस्लिम बहुल इलाके में फैल रहा कोरोना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन में कोरोना वायरस संक्रमण पर प्रभावी तरीके से काबू पाए जाने के तीन से ज्यादा महीने के बाद देश में पहली बार एक दिन में संक्रमण के 100 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बुधवार को बताया कि संक्रमण के 101 पुष्ट मामलों में से 98 मामले स्थानीय स्तर पर संक्रमण के हैं, वहीं तीन मामले विदेशी लोगों से जुड़े है। इनका पता मंगलवार को चला था। इनमें से ज्यादातर मामले उइगर मुस्लिम बहुल इलाके से हैं।

आयोग ने अपनी नियमित रिपोर्ट में कहा कि स्थानीय स्तर पर

**संक्रमण से 100 से ज्यादा कोरोना के मामले सामने आए**

संक्रमण के 98 मामलों में से 89 मामले शिंजियांग उइगर स्वायत्तशासी क्षेत्र से हैं। वहीं लिआओनिंग प्रांत से 8 और एक मामला पेइचिंग नगर निगम से सामने आया है। क्षेत्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि शिंजियांग उइगर स्वायत्तशासी क्षेत्र में मंगलवार को 89 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई।

आयोग के अनुसार सभी 89 मरीज क्षेत्रीय राजधानी उरुमकी से हैं। उनमें से 43 मामले पहले के हैं और इनमें संक्रमण के कोई लक्षण नहीं थे। इसी क्षेत्र में संक्रमण के बिना लक्षण वाले 15 नए मामले सामने आए हैं। मंगलवार तक मुस्लिम बहुल शिंजियांग में संक्रमण के 322 मामले सामने आ चुके हैं जिनमें से 133 मामले बिना लक्षण वाले हैं और 9,121 लोग अभी चिकित्सीय पर्यवेक्षण में हैं। उरुमकी में संक्रमण के प्रसार का पता लगाने के लिए व्यापक स्तर पर जांच चल रही है।

सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' की खबर के अनुसार उत्तर–पूर्व चीन के लिआओनिंग प्रांत के दालिआन में पिछले सप्ताह समुद्री खाद्य पदार्थ प्रसंस्करण से जुड़ी कंपनी में संक्रमण पाए जाने के बाद शहर में संक्रमण के 44 मामले हो गए हैं। मंगलवार तक दालियान से जुड़े संक्रमण के मामले नौ शहरों में फैल गए, जिनमें से एक मामला पेइचिंग में भी है।

## अमेरिका ने अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान में ठोस ईंधन के इस्तेमाल की मंजूरी दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। दक्षिण कोरिया ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका उसे अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान में ठोस ईंधन के इस्तेमाल की मंजूरी देने के लिए सहमत हो गया है। इस कदम से अब सियोल के अपने पहले निगरानी उपग्रहों को लॉन्च करने और अधिक शक्तिशाली मिसाइल के निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी हासिल करने में सक्षम होने की संभावना है। ठोस ईंधन मिसाइल और रॉकेट को अधिक गतिशीलता प्रदान करता है और लॉन्च की तैयारी में लगने वाले समय को भी कम करता है। उसे चिंता थी कि सियोल इसका इस्तेमाल बड़ी मिसाइल बनाने के लिए कर सकता है और इससे क्षेत्र में हथियार की दौड़ शुरू हो सकती है। दक्षिण कोरियाई सरकार ने मंगलवार को कहा कि इस तरह के प्रतिबंधों को हटाने के लिए सियोल और वाशिंगटन संबंधित द्विपक्षीय मिसाइल दिशानिर्देशों को संशोधित करने पर सहमत हुए हैं। उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार किम ह्यून चोंग ने पत्रकारों से कहा कि सभी दक्षिण कोरियाई अनुसंधान संस्थान, कम्पनियां और व्यक्ति अब ठोस ईंधन के इस्तेमाल से अंतरिक्ष प्रक्षेपण रॉकेट विकसित करने, उत्पादन करने और रखने के लिए स्वतंत्र है।